# विवरण पत्रिका
# Information Brochure
# 2023-24

**For Admission to -**
**Regular (संस्थागत)**

- B.Sc. Mathematics Group [Physics, Chemistry, Mathematics]
- B.Sc. Biology Group [Chemistry, Botany, Zoology]
- B.Ed.

**Self Finance (स्ववित्त पोषित)**

- B.Sc. Mathematics Group [Physics, Chemistry, Mathematics]
  [Physics, Computer, Mathematics]
- B.Sc. Biology Group [Zoology, Botany, Chemistry]
  [Zoology, Botany, Microbiology]
- M.Sc.
  Mathematics
  Chemistry
  Zoology
  Botany
  Physics




## कन्हैया लाल डी.ए.वी. (पी.जी.) महाविद्यालय, रूड़की (हरिद्वार)

(श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी (गढ़वाल) से सम्बद्ध)
Website : www.kldavpgcr.ac.in

# कन्हैया लाल डी.ए.वी. (पी.जी.) कॉलेज,
# रूड़की (हरिद्वार)

## महाविद्यालय प्रबन्ध समिति 2023

### कार्यकारिणी सदस्य

| | |
|---|---|
| प्रो० (डा०) एस.पी. गुप्ता | अध्यक्ष |
| श्री रंजन मित्तल | उपाध्यक्ष |
| श्री प्रमोद दयाल | सचिव |
| प्रो० आर.के. जैन | संयुक्त सचिव |
| प्रो० रघुकुल तिलक | सदस्य |
| विंग कमाण्डर मोहित गर्ग | सदस्य |
| डा० ए.पी. मित्तल | सदस्य |
| श्री आलोक सिन्हा | सदस्य |
| श्री नरेश गुप्ता | सदस्य |

### महाविद्यालय प्रतिनिधि

| | |
|---|---|
| प्राचार्य एवं पदेन सदस्य | डा० एम.पी. सिंह |
| शिक्षक प्रतिनिधि | चक्रानुसार परिवर्तित (02 पद) |
| गैर शिक्षक प्रतिनिधि | चक्रानुसार परिवर्तित (01 पद) |

# विवरण पत्रिका

# PROSPECTUS

# 2023-24

## -: COURSES :-

**Regular** (संस्थागत)

- **B.Sc.** Mathematics Group [Physics, Chemistry, Mathematics]
- **B.Sc.** Biology Group [Chemistry, Botany, Zoology]
- **B.Ed.**

**Self Finance** (स्ववित्त पोषित)

- B.Sc. Mathematics Group [Physics, Chemistry, Mathematics]
  [Physics, Computer, Mathematics]
- B.Sc. Biology Group [Zoology, Botany, Chemistry]
  [Zoology, Botany, Microbiology]
- M.Sc.
  Mathematics
  Chemistry
  Zoology
  Botany
  Physics

## कन्हैया लाल डी.ए.वी. (पी.जी.) कॉलेज, रूड़की (हरिद्वार)

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल से सम्बद्ध

# महाविद्यालय शिक्षक वर्ग
## प्राचार्य
## डा० एम.पी. सिंह

| | | |
|---|---|---|
| डा० मंजुल धीमान | – | प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान विभाग |
| डा० पूर्णिमा श्रीवास्तव | – | प्रोफेसर, शिक्षा विभाग (बी.एड.) |
| डा० तनवीर आलम | – | एसोसिएट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग |
| डा० शशी त्यागी | – | एसोसिएट प्रोफेसर, गणित विभाग |
| डा० मिथलेश कुमारी | – | एसोसिएट प्रोफेसर, भौतिक विज्ञान विभाग |
| डा० पूजा अरोरा | – | एसोसिएट प्रोफेसर, जन्तु विज्ञान विभाग |
| डा० अर्शी रस्तोगी | – | प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग |
| डा० वन्दिता श्रीवास्तव | – | एसोसिएट प्रोफेसर, भौतिक विज्ञान विभाग |
| डा० नवीन कुमार | – | एसोसिएट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग |
| डा० किरन भारती | – | असिस्टेंट प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान विभाग |
| डा० मेघा जुयाल | – | असिस्टेंट प्रोफेसर, शिक्षा विभाग (बी.एड.) |
| डा० मनोज कुमार शर्मा | – | असिस्टेंट प्रोफेसर, शिक्षा विभाग (बी.एड.) |
| डा० अम्बिका भट्ट | – | असिस्टेंट प्रोफेसर, शिक्षा विभाग (बी.एड.) |
| डा० मोनू राम | – | असिस्टेंट प्रोफेसर, शिक्षा विभाग (बी.एड.) |

महाविद्यालय में शिक्षण कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन हेतु उपरोक्त स्थायी शिक्षकों के अतिरिक्त लगभग 40 योग्यता प्राप्त शिक्षकों की विषयवार अस्थायी नियुक्ति प्रत्येक सत्र में की जाती है।

**लोक सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अनुसार महाविद्यालय के सूचना अधिकारी–**

1. सहायक लोक सूचना अधिकारी – डा. मनोज कुमार शर्मा
2. लोक सूचना अधिकारी – डा. एम.पी. सिंह, प्राचार्य
3. प्रथम विभागीय अपीलीय अधिकारी – श्री प्रमोद दयाल, सचिव प्रबंध समिति

Ragging that covers all the acts of violence, Physical or mental harassment between 2 or more senior & junior students is totally prohibited in the College/ College Campus. Anyone found guilty of ragging is liable to be punished.

Anti Ragging Cell Complaint/s : **www.kldavpgcr.ac.in**

# विषय सूची


| क्र.सं. | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | आवरण | 1 |
| 2 | महाविद्यालय शिक्षक वर्ग | 2 |
| 3 | विषय–सूची | 3 |
| 4 | कुल गीत | 4 |
| 5 | महाविद्यालय की आधार शिलाएँ | 5-7 |
| 6 | पाठ्यक्रम एवं सीटें | 8 |
| 7 | प्रवेश कार्यक्रम | 9 |
| 8 | प्रवेश सम्बन्धी निर्देश | 9 |
| 9 | स्नातक कक्षा में प्रवेश प्रक्रिया एवं योग्यता निर्धारण | 9 |
| 10 | आवेदन पत्र के साथ संलग्नक विवरण | 10 |
| 11 | स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया एवं योग्यता निर्धारण | 10-11 |
| 12 | आवेदन पत्र के साथ संलग्नक विवरण | 11 |
| 13 | बी.एड. प्रवेश प्रक्रिया | 11 |
| 14 | महाविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में सत्र 2023–24 हेतु देय शुल्क | 12-15 |
| 15 | शुल्क–मुक्ति | 16 |
| 16 | महाविद्यालय छात्रवृत्तियाँ | 16 |
| 17 | पाठ्येत्तर कार्यकलाप | 16 |
| 18 | पूर्णतः कम्प्यूटरीकृत पुस्तकालय | 16 |
| 19 | Career Counselling, Guidance & Placement Cell | 17 |
| 20 | पदक (Medals) | 17 |
| 21 | विद्यार्थियों के लिए दिशा–निर्देश | 18 |
| 22 | महाविद्यालय प्रशासनिक समितियों के संयोजक | 19 |
| 23 | महाविद्यालय के अन्य कर्मचारीगण | 20 |


## महत्त्वपूर्ण

- **प्रवेश सम्बन्धी समस्त सूचनाओं हेतु महाविद्यालय की वेबसाइट www.kldavpgcr.ac.in का अवलोकन करें।**
- **अलग–अलग संकाय (विषयों) हेतु अलग–अलग आवेदन करना होगा।**

# कुल गीत

जय सरस्वती जय भारती
हिमगिरी श्रृंगों पर है राजती
अविरल गंगा पद पखारती
छवि छटा बिखारती। जय ..

करें सम्मान गुरू दीक्षा का
जीवन के उच्च आदर्शों का
सूर्य उदय हो ज्ञान तत्व का
रहे धरा निहारती।। जय ..

सृजन गीत से करें याचना
नव निर्माण राष्ट्र कामना
कर्मठ जीवन व्रत उपासना
धरती यही गुहारती। जय ..

कम्प्यूटर जनपद यांत्रिकी
विद्युत तरंग अभियांत्रिकी
बहुयामी शिक्षा मानविकी
सजग राष्ट्र की आरती।। जय ..

करें 'कन्हैया' का आराधन
ज्ञान भक्ति अरु शक्ति वर्धन
कर्मयोगी 'ईश्वर' का सुमिरन
धरा सृष्टि उर वारती। जय ..

# कन्हैया लाल डी.ए.वी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय की आधार शिलाएं



## जीवन परिचय

रुड़की नगर में शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण तीन संस्थाएं हैं–के.एल.डी.ए.वी. इण्टर कॉलेज, के.एल.डी.ए.वी. (पी.जी.) कॉलेज और के.एल. पॉलिटैक्निक इंस्टीट्यूट। तीनों संस्थाओं के सामने एक नाम जुड़ा है–कन्हैया लाल। यह व्यक्ति और कोई नहीं, स्व.राय साहब हैं जिन्होंने 1936 में कन्हैया लाल ट्रस्ट की स्थापना की और उसी के द्वारा ये तीनों संस्थाएं स्थापित हुई थीं।

कन्हैयालाल जी का जन्म श्री गणेशी लाल जी के घर जसौला, जिला मुजफ्फरनगर में सन् 1870 की कृष्ण जन्माष्टमी के दिन हुआ था, इसलिए उनका नाम कन्हैयालाल रखा गया। उनके पिता साधारण राजवंशी घराने से थे और रुड़की शहर में आकर ठेकेदारी करने लगे थे। श्री गणेशी लाल जी की मृत्यु तब हो गयी जब कन्हैयालाल जी मात्र 16 वर्ष के थे। कन्हैयालाल जी ने पिता के कार्य को संभाला और आय के स्त्रोत बढ़ा लिए। आर्यसमाजी विचारधारा का उन पर पर्याप्त प्रभाव था। वे अत्यन्त सज्जन प्रकृति के थे। समाजसेवी और जनप्रिय व्यक्ति थे। सहायता के लिए आया कोई भी व्यक्ति उनके घर से खाली हाथ वापिस नहीं जाता था। नाश्ते के बाद वे दोपहर तक मरीजों की आंखों में दवा डालते थे। कन्हैयालाल जी समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति थे। इसलिए सरकार ने उन्हें राय साहब की उपाधि से अलंकृत किया था। राजवंशी समाज के वे सिरमौर थे। 1951 तक वे रुड़की की राजवंशी सभा के प्रधान रहे। अनेकों राजवंशी परिवारों की उन्होंने सहायता की तथा उनकी कन्याओं के विवाह करवाये।

उन्होंने डी.ए.वी. मिडिल स्कूल जो आर्थिक स्थिति के कारण बन्द होने जा रहा था, को अपना लिया और उसे हाई स्कूल बनवाया। 1953 में कन्हैयालाल टैक्निकल इंस्टीट्यूट की स्थापना की गई। कुछ समय बाद 1963 में सरकार ने उसे अपने अधीन ले लिया और उसका नाम कन्हैयालाल पॉलिटेक्निक रख दिया। 1960 में रुड़की में बी.एस–सी और बी.ए. के लिए के.एल.डी.ए.वी.डिग्री कॉलेज की स्थापना की। आर्य समाज से वे प्रभावित थे। अतः ज्वालापुर वानप्रस्थ आश्रम में अपने नाम के कमरे बनवाये। राजवंशी परिवारों में ऐसे दानवीर पुरूष का नाम उल्लेखनीय है।

| | | |
|---|---|---|
| जन्म | – | 18 अगस्त 1870 |
| निधन | – | 12 फरवरी 1969 |
| जन्म स्थान | – | ग्राम जसौला, जिला मुजफ्फरनगर |
| पिता | – | लाला श्री गणेशी लाल राजवंशी |
| विशेष | – | समाजसेवी |

(स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार गर्ग)
पूर्व सचिव, कॉलेज प्रबन्ध समिति द्वारा प्रदत्त सूचना – साभार

# कन्हैया लाल डी.ए.वी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय की आधार शिलाएं



## जीवन परिचय

स्व. श्री ईश्वर दयाल जी
संस्थापक प्राचार्य।

महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य स्व. श्री ईश्वर दयाल जी का जन्म 21 सितम्बर 1909 ई0 को लिब्बरहेड़ी में हुआ था। 'होनहार वीरवान के होत चिकने पात' कहावत के अनुसार ही इनके बाल्यकाल में झलकने लगा कि यह बालक आगे चलकर होनहार होगा। इन्होंने राजकीय हाईस्कूल रुड़की से हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण की। इनके पिता लाला मथुरा प्रसाद ने वाराणसी विश्वविद्यालय में इण्टरमीडिएट के लिए भेजा। 1929 में उन्होंने यह परीक्षा उत्तीर्ण की। सन् 1934 में इलाहाबाद से इन्होंने बी.ए., 1936 में एम.ए., 1937 में एल.एल.बी. किया। वकालत पसन्द नहीं आयी और सन् 1939 में एल.टी. करने के पश्चात् के.एल.डी.ए.वी. स्कूल में एक दीक्षित अध्यापक के तौर पर इन्होंने कार्यभार संभाला।

स्व. श्री ईश्वर दयाल जी का संपूर्ण जीवन शिक्षा और शिक्षा प्रेमियों की सेवा में ही बीता। इस विद्यालय को 1936 में हाईस्कूल में हाईस्कूल व 1950 में इण्टर कॉलेज की मान्यता मिली। इसी विद्यालय की एक शाखा के रूप में 1956 में के.एल.टी.आई. की स्थापना की गयी परन्तु इतने से संतोष न हुआ। निरन्तर कई वर्षों के संघर्ष के उपरान्त 1960 में के.एल.डी.ए.वी. डिग्री कॉलेज बना तत्पश्चात् बी.एड. विभाग खुलवाकर बड़े अभाव की पूर्ति की।

स्व. श्री ईश्वर दयाल जी कई संस्थाओं के सदस्य व अध्यक्ष, 23 जून 1966 से 28 अप्रैल 1967 तक अवैतनिक न्यायाधीश के सम्मानित पद व भारत स्काउट गाइड संस्था में सक्रिय कार्यकर्ता एवं 1965 से 1967 तक इस जिले के सहायक कमिश्नर रहे। इनका क्षेत्र बहुत विशाल था।

अपने कार्यकाल में निर्धन छात्रों को आर्थिक सहायता देना तो इनके लिए साधारण सी बात थी। इनकी रूचि कला व विज्ञान में भी थी। वे कई वर्षों तक आर्य समाज के कर्मठ सदस्य भी रहे। ऐसे महान पुरूष से संस्मरणों की जितनी चर्चा की जाये, थोड़ी है। विशाल जनसम्पर्क अवर्णनीय है। विस्तार असीमित है। फिर उसे शब्दों की सीमा में बांधना किसकी सामर्थ्य हैं।

# कन्हैया लाल डी.ए.वी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय की आधार शिलाएं



## जीवन परिचय

स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार
भूतपूर्व सचिव, प्रबन्ध समिति।

स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार गर्ग जी का जन्म अपने पैतृक गाँव लिब्बरहेड़ी जनपद हरिद्वार में 14 जून 1934 को श्री ईश्वर दयाल जी एवं श्रीमती विमला देवी जी के यहां हुआ, मात्र 40 दिन की आयु से ही आपको परनाना श्री राय साहब कन्हैया लाल तथा परनानी श्रीमती मूला देवी जी द्वारा, नाना श्यामलाल जी के पुत्र के रूप में, गणेश वाटिका रूड़की के प्रांगण में वात्सल्य से अभिभूत किया गया। शैशवावस्था से ही परनाना एवं नाना द्वारा प्रदत्त शुभाशीषों ने सदैव आपको उच्चादर्श एवं कुशल नेतृत्व प्रदान किया, जिस कारण आप जीवन में नवीनतम तटस्थ आयामों का निर्वहन अति सजगता एवं संवेदनशीलता के साथ कर पाने में सफल हो सके, आपकी यह तटस्थता एवं कटिबद्धता सदैव अविस्मरणीय है, एवं आगामी पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

आपकी प्रारम्भिक शिक्षा घर के आंगन से ही आरम्भ हुई, तरन्तर आपने के.एल.डी.ए.वी. इण्टर कॉलेज, रूड़की से मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की। परीक्षा उत्तीर्ण करने पश्चात् लखनऊ विश्वविद्यालय से स्नातक एवं स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की, शिक्षा पूर्ण करने बाद आप 'वैटनरी डॉक्टरी' केलिए चयनित किए गए, परन्तु परिवार के हित को ध्यान में रखते हुए, आपने अपने कैरियर क्षेत्र का शुभारम्भ कन्हैया लाल डी.ए.वी. इण्टर कॉलेज रूड़की में शिक्षणकार्य से किया। आपने अपने अध्यापन काल में समय–समय पर 'नेशनल कैडिट कोर (एन.सी.सी.)' शिविरों का भी संचालन एवं निर्देशन किया, वनस्पति विज्ञान में विशेष रूचि होने के कारण, आपने विद्यालय एवं विद्यालय के बाहर विद्यार्थियों के ज्ञान वर्धन के लिए अनेक विज्ञान शिविरों का आयोजन किया।

आप एक सफल वैज्ञानिक, शिक्षाविद्, समाजसेवी होने के साथ–साथ आर्यसमाज के अति विशिष्ट सबल समर्थक भी थे। आप विभिन्न क्षेत्रों में, बहुमुखी प्रतिभाओं के समन्वयक थे। आपने लम्बे समय तक रूड़की शहर की रंगमंच से जुड़ी प्राचीनतम् संस्था 'राजहंस कला मंदिर' के संचालन में महत्वपूर्ण योगदान देकर इसे सफलता के शिखर तक पहुंचाया। आप रूड़की की '' फिल्म सोसायटी ऑफ इंडिया'' संस्था जो 50 के दशक में रूड़की में प्रारंभ की गई थी, आप इसके संस्थापक सदस्यों में से अतिविशिष्ट सदस्य रहे। जिस कारण, आपको तत्कालीन राष्ट्रपति 'श्री सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी' से भेंट करने का सुअवसर भी प्राप्त हुआ। आपकी सामाजिक कार्यो के अतिरिक्त क्रीड़ा, संगीत एवं फोटोग्राफी में भी महानरूचि थी। आप बैडमिंटन टूर्नामेंट खेलकर अनेक राष्ट्रीय एवं शील्ड अर्जित की हैं।

आप कन्हैया लाल ट्रस्ट के आजीवन मुख्य ट्रस्टी एवं सचिव पद पर असीन रहे। आप कन्हैयालाल ट्रस्ट एवं दोनों संस्थाओं से जुड़े सभी कर्मचारियों को अपने परिवार का सदस्य मानते थे। इसके अतिरिक्त आपने आर्यकन्या पाठशाला इण्टर कॉलेज के सदस्य एवं स्वामी श्रद्धानन्द शिशु निकेतन के अध्यक्ष के रूप में कार्य भी किया। आप 29 वर्षों तक, कन्हैया लाल डी.ए.वी. इण्टर कॉलेज के सफल प्रबन्धक रहे। अपने कार्यकाल में आपने विद्यालय की समसामायिक गतिविधियों में अपने सूक्ष्मदृष्टि, कुशल नेतृत्व एवं सुदृढ़ सुसशक्तता का परिचय देते हुए विद्यालय में भवन निर्माण एवं उसकी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति भी की। विद्यालय का आधुनिकीकरण एवं वर्तमान विकसित स्वरूप आपकी तत्कालीन दूरदर्शिता का ही परिणाम है। आपने कन्हैयालाल डी.ए.वी. स्नातकोत्तर विद्यालय में सचिव पद ग्रहण करके जीव विज्ञान, गणित, भौतिकी एवं रसायन विज्ञान विषयों से सम्बद्ध स्नातकोत्तर कक्षाओं को प्रारंभ कराने में समुचित व्यवस्था करके छात्रों अभिभावकों एवं जन सामान्य की अभिलाषाओं एवं आकांक्षाओं को परिपूर्णता प्रदान कर आपने कन्हैयालाल पॉलीटेक्निक विद्यालय में कोषाध्यक्ष के रूप में विद्यालय को अपार सुविधाओं एवं सेवाओं से अभिभूत किया।

इस प्रकार, आपने तीनों ही शैक्षिक संस्थाओं/संस्थानों में समय–समय पर अपनी सेवाएं, निर्देशन एवं संचालन दिया तथा वर्तमान में भी परोक्षरूप से आपका स्नेहाशीष इन तीनों विद्यालयों से अभिसक्त हो इनका मार्ग प्रशस्त कर रहा है। आपका जन्म, शैशवकाल, युवावस्था इत्यादि समग्र जीवन कन्हैया लाल जी की संस्थाओं में ही व्यतीत हुआ। जिस कारण आपकी अगाध श्रद्धा एवं समर्पण इन संस्थाओं को प्राप्त हो सका। वर्तमान में इन संस्थाओं की यशकीर्ति, उच्चस्तरता तथा व्यापकता आपके अथक् प्रयास का ही प्रतिफल है। 19 अगस्त 2003 को, दैवीय शक्तियों में विलीन आपको के.एल.डी.ए.वी. परिवार सदैव स्मरण करता रहेगा।

(श्रीमती सुषमा रानी, पत्नी स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार जी के सौजन्य से)

# प्रवेश विवरणिका 2023–24
# कन्हैयालाल डी.ए.वी. (पी.जी.) कॉलेज, रुड़की

कन्हैयालाल डी.ए.वी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुड़की की स्थापना सन् 1960 में दूरदृष्टा एवं लोकहितैषी राय साहब कन्हैयालाल जी द्वारा की गई। महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य के रुप में श्री ईश्वर दयाल जी ने महाविद्यालय को एक सुदृढ़ नींव प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

महाविद्यालय में सन् 1964 में बी.एड. तथा सन् 1972 में बी.एस–सी जीव विज्ञान, वर्ष 2002 में एम.एस.सी. गणित एवं रसायन विज्ञान, वर्ष 2004 में एम.एस.सी. जन्तुविज्ञान, वर्ष 2005 में एम.एस.सी. वनस्पति विज्ञान एवं वर्ष 2006 में एम.एस.सी. माईक्रोबायोलॉजी एवं बी. एस–सी कम्प्यूटर साइंस के पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे है।

वर्तमान में महाविद्यालय श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल से सम्बद्ध है।

## 1. महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रम तथा सीटें–

| | उपाधि | पाठ्यविषय | अवधि | सीटें |
|---|---|---|---|---|
| रेगुलर कोर्स | बी.एस.–सी. (गणित) | गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान | 3 वर्ष | 80 |
| | बी.एस.–सी. (जीव विज्ञान) | वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, रसायन विज्ञान | 3 वर्ष | 80 |
| | बी.एड. | | 2 वर्ष | 50 |
| स्ववित्त पोषित कोर्स* | बी.एस.–सी. (गणित) | गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान | 3 वर्ष | 180 |
| | बी.एस.–सी. (जीव विज्ञान) | वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, रसायन विज्ञान | 3 वर्ष | 60 |
| | बी.एस.–सी. (माइक्रोबायोलोजी) | वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, माइक्रोबायोलोजी | 3 वर्ष | 30 |
| | बी.एस.–सी. (कम्प्यूटर साइंस) | गणित, भौतिक विज्ञान, कम्प्यूटर साइंस | 3 वर्ष | 30 |
| | एम.एस.–सी. (गणित) | गणित | 2 वर्ष | 40 |
| | एम.एस.–सी. (रसायन विज्ञान) | रसायन विज्ञान | 2 वर्ष | 25 |
| | एम.एस.–सी. (जन्तु विज्ञान) | जन्तु विज्ञान | 2 वर्ष | 25 |
| | एम.एस.–सी. (वनस्पति विज्ञान) | वनस्पति विज्ञान | 2 वर्ष | 20 |
| | एम.एस.–सी. (भौतिक विज्ञान) | भौतिक विज्ञान | 2 वर्ष | 20 |

*** सीटों की संख्या में वृद्धि या कमी के विषय में निर्णय शासनादेश/विश्वविद्यालय द्वारा लिया आयेगा।**

**2. प्रवेश कार्यक्रम–**

प्रवेश सम्बन्धी सूचनाओं के लिए महाविद्यालय वेबसाइट **www.kldavpgcr.ac.in** का अवलोकन करें।

**3. प्रवेश सम्बन्धी आवश्यक निर्देश–**

- **प्रवेश संबंधित समस्त प्रक्रिया उत्तराखण्ड शासन/उच्च शिक्षा निदेशालय/ विश्वविद्यालय के आदेशानुसार संशोधित की जा सकती है।**
- आवेदन पत्र भरने से पहले एवं विषयों का चयन करते समय अभ्यर्थी, प्रवेश नियमों को अच्छी तरह से पढ़ लें।
- यदि वि.वि. द्वारा प्रवेश सम्बन्धी नियमों में कोई परिवर्तन किया जाता है तो परिवर्तन सभी अभ्यर्थियों को मान्य होगा।
- कॉलेज में प्रवेश विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार वरीयता के आधार पर होगा।
- प्रवेश आवेदन पत्र के साथ वांछित प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपियां लगाना आवश्यक है।
- प्रवेश आवेदन पत्र पर अभ्यर्थी का नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ उचित स्थान पर चिपकाना आवश्यक है।
- निर्धारित तिथि से पूर्व, प्रवेश आवेदन पत्र कार्यालय में जमा कराकर रसीद प्राप्त करें। उसके पश्चात् प्राप्त किसी प्रवेश आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।
- प्रवेश हेतु अभ्यर्थी का स्वयं प्रवेश समिति के समक्ष समस्त प्रमाण पत्रों एवं मूल अंकतालिकाओं सहित प्रस्तुत होना अनिवार्य है, यदि अभ्यर्थी के पास कोई भी प्रमाण पत्र (जाति प्रमाण पत्र, मूल अंक तालिका) नहीं है तो उसे प्रवेश नहीं दिया जायेगा और इस हेतु कोई शपथ पत्र आदि स्वीकार्य नहीं होगा।
- आरक्षित वर्ग में प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थियों को प्रवेश के समय प्रवेश समिति के समक्ष जाति प्रमाण पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इसकी अनुपस्थिति में उसका प्रवेश आरक्षित वर्ग में सम्भव नहीं होगा एवं वरीयता के आधार पर वह सीट उसी वर्ग के अगले विद्यार्थी द्वारा भर दी जायेगी।
- अन्य प्रदेशों से प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता के आधार पर सामान्य श्रेणी में (चाहे वह किसी भी जाति अथवा वर्ग के हों) मानते हुए नियमानुसार प्रवेश दिया जायेगा।
- अपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।
- एक बार प्रवेश मिलने के पश्चात् विषय परिवर्तन नहीं किया जायेगा।
- प्रवेश के समय प्रत्येक छात्र को कक्षानुसार बिन्दु 7 में दिया गया वार्षिक शुल्क जमा करना होगा।
- कॉलेज को बिना कोई कारण दिये प्रवेश न देने/निरस्त करने का अधिकार होगा।
- भारत पाक युद्ध में वीरगति प्राप्त सैनिकों के आश्रितों (पुत्र/पुत्री, पत्नी, भाई/बहन) को यदि वे अर्ह हों तो स्नातकोत्तर स्तर पर प्रति विषय एक सीट तथा स्नातक स्तर पर सभी अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जायेगा।

**4. स्नातक कक्षा में प्रवेश प्रक्रिया एवं योग्यता निर्धारण–**

**A. बी.एस–सी. प्रथम वर्ष में प्रवेश–**

1. प्रवेशार्थी को वही संवर्ग देय होगा जिस संवर्ग से उसने इन्टरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की है।
2. प्रवेश सभी विषयों में वरीयता सूची के आधार पर दिये जायेंगे। वरीयता सूची 5 विषयों में प्राप्तांकों के आधार पर तैयार की जायेगी। जिन विद्यार्थियों ने 6 विषयों से इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण की है, उनके 5 विषयों (Physical Education को छोड़कर) के प्राप्तांक जोड़े जायेंगे।
3. प्रवेश हेतु सामान्य श्रेणी व अन्य पिछड़े वर्ग के लिए 10+2 में 45 प्रतिशत अंक तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिए 40 प्रतिशत अंक अनिवार्य है।
4. अतिरिक्त अंक (अधिभार) निम्न प्रकार से आवंटित किये जायेंगे तदोपरान्त योग्यता सूची बनाई जायेगी :
   - राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रतिनिधित्व करने वाले छात्र/छात्राओं को क्रमशः 5 तथा 7 अतिरिक्त अंक देय होंगे।
   - एन.सी.सी. 'बी' प्रमाण पत्र धारक को 2 अंक, 'सी' प्रमाण पत्र धारक को 3 अंक तथा गणतंत्र दिवस परेड (राष्ट्रीय) को 5 अंक (अधिकतम 5 अंक) अतिरिक्त देय होंगे।
   - राष्ट्रीय सेवा योजना 'ए', 'बी' प्रमाण पत्र धारक या 240 घंटे + दो विशेष शिविरों में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं को 2 अंक, 'सी' प्रमाण पत्र धारक को 3 अंक तथा राष्ट्रीय एकीकरण शिविर/गणतंत्र दिवस परेड को 5 अंक (अधिकतम 5 अंक) अतिरिक्त देय होंगे।
   - स्काउट में पद सोपान–1 धारक को 1 अंक तथा पद सोपान–2 धारक को 2 अंक अतिरिक्त देय होंगे। निपुण धारक को 1 अंक, राज्य पुरस्कार धारक को 2 अंक तथा राष्ट्रपति धारक को 3 अंक देय होंगे (अधिकतम 5 अंक देय होंगे)।
   - सेना में कार्यरत सैनिकों एवं केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अधीनस्थ अर्द्ध सैनिक बलों के आश्रितों (पति–पत्नी, पुत्र–पुत्री, पौत्र–पौत्री) को 3 अंकों का लाभ सक्षम अधिकारी का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने पर मिलेगा।

नोट–किसी भी कक्षा में प्रवेश हेतु अधिकतम देय अतिरिक्त अंक 15 ही होंगे।

**B. आवेदन पत्र के साथ निम्न प्रमाण पत्र (जो अभ्यर्थी पर लागू हों) अवश्य संलग्न करें–**

i. आधार कार्ड की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि।

ii. हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट अंक तालिकाओं की स्वप्रमाणित छाया प्रतियां।

iii. स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (T.C.) व चरित्र प्रमाण पत्र (C.C.) मूल रूप में एडमिशन के समय देना आवश्यक है (कृपया पंजीकरण कराते समय जमा न करें)।

iv. आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी पंजीकरण के समय आवेदन पत्र के साथ संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न करें।

v. अभ्यर्थी अगर अन्य राज्य से उत्तीर्ण है तथा वह उत्तराखण्ड का निवासी है तो उसे मूल निवास प्रमाण पत्र पंजीकरण के समय आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

vi. बिन्दु 4 में वर्णित अधिभार (अतिरिक्त) अंकों के लिए अभ्यर्थी को उपयुक्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रति स्वप्रमाणित कर आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

**C. बी.एस–सी द्वितीय तथा तृतीय वर्ष में प्रवेश विश्वविद्यालय नियमानुसार होंगे।**

**5. स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया एवं योग्यता निर्धारण–**

1. एम.एस–सी में प्रवेश के लिए न्यूनतम अर्हता इस विश्वविद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त अन्य विश्वविद्यालय की बी.एस–सी परीक्षा में उत्तीर्ण व 45 प्रतिशत अंक होंगे।
2. अभ्यर्थियों की योग्यता सूची का निर्धारण निम्नवत् किया जायेगा :

(अ) सूचकांक (x/X+y/Y)X100

यहां x= प्रवेश हेतु चयनित विषय में स्नातक के तीनों वर्षों के लिखित (Theory) के प्राप्तांकों का योग।

यहां X= प्रवेश हेतु चयनित विषय में स्नातक के तीनों वर्षों के लिखित (Theory) के पूर्णांकों का योग।

y= स्नातक के तीनों वर्षों के प्राप्तांकों का योग।

Y= स्नातक के तीनों वर्षों के पूर्णांकों का योग।

(ब) अतिरिक्त अंकों की गणना निर्धारित कर उसे सूचकांक (अ) में जोड़ दिया जायेगा।

i) आवेदक ने यदि उसी महाविद्यालय जिसमें प्रवेश ले रहा हो, से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण की हो तो पांच अंक एवं श्री देव सुमन विश्वविद्यालय के स्नातक को तीन अंक देय होंगे।

ii) अन्तर विश्वविद्यालय तथा राज्य स्तर पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले आवेदक को पांच तथा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले आवेदक को सात अंक देय होंगे। विश्वविद्यालय स्तर पर महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने पर दो अंक देय होंगे।

iii) एन.सी.सी. 'बी' प्रमाण पत्र धारक को दो अंक, 'सी' प्रमाण पत्र धारक को तीन अंक तथा गणतंत्र दिवस परेड (राष्ट्रीय) में प्रतिभाग करने वाले आवेदक को पांच अंक देय होंगे।

iv) राष्ट्रीय सेवा योजना 'ए', 'बी' प्रमाण पत्र धारक या 240 घंटे + दो विशेष शिविरों में प्रतिभाग करने वाले आवेदक को दो अंक, 'सी' प्रमाण पत्र धारक को तीन अंक तथा राष्ट्रीय एकीकरण शिविर गणतंत्र दिवस परेड में प्रतिभाग करने वाले आवेदक को पांच अंक (अधिकतम 5 अंक) देय होंगे।

v) सेना में कार्यरत सैनिकों एवं केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अधीन अर्द्ध सैनिक बलों के आश्रितों (पति–पत्नी, पुत्र–पुत्री, पौत्र–पौत्री) को दो अतिरिक्त अंकों का लाभ सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर देय होंगे।

vi) श्री देव सुमन विश्वविद्यालय में कार्यरत नियमित शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के आश्रितों (पति–पत्नी, पुत्र–पुत्री) एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के नियमित शिक्षकों एवं कर्मचारियों के आश्रितों (पति–पत्नी, पुत्र–पुत्री) को उसी महाविद्यालय जिसमें उनके माता–पिता, पति–पत्नी कार्यरत हो, को पांच अतिरिक्त अंक देय होंगे।

नोट–उपरोक्त 'ब' के अन्तर्गत अधिकतम देय अंक 15 ही होंगे।

3. आवेदन पत्र के साथ निम्न प्रमाण पत्र (जो अभ्यर्थी पर लागू हो) अवश्य संलग्न करें–

i) आधार कार्ड की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि।

ii) हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट अंक तालिकाओं की स्वप्रमाणित छायाप्रति।

iii) बी.एस–सी प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्षों की अंकतालिका की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां। (B.Sc. Sem. I-VI all semester marksheets).

iv) स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (T.C.) व चरित्र प्रमाण पत्र (C.C.) मूल रूप में एडमिशन के समय देना आवश्यक है (कृपया पंजीकरण कराते समय न जमा करें)।

v) अधिभार अंकों के लिये अभ्यर्थी को उपयुक्त प्रमाण पत्रों की छायाप्रति स्वप्रमाणित कर आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

vi) जाति सम्बन्धी प्रमाण पत्र की छायाप्रति।

vii) अभ्यर्थी यदि स्नातक परीक्षा में अन्य विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण है एवं उत्तराखण्ड का निवासी है तो उसे मूल निवास प्रमाण पत्र देना अनिवार्य है।

**6. बी.एड. की प्रवेश प्रक्रिया एवं योग्यता निर्धारण–**

1. बी.एड. कक्षा में प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा भेजी गई सूची के अनुसार ही किये जायेंगे।

**7.1. Regular Courses बी.एस–सी एवं बी.एड. सत्र 2023–24 में देय शुल्क–**

| क्र0 | विवरण | बी0एस0सी0 रेगुलर | | बी0एड0 रेगुलर |
|---|---|---|---|---|
| | | जीव विज्ञान वर्ग | गणित वर्ग | |
| **क–** | **पुस्तकालय एवं सरकार को देय शुल्क** | **रू0** | **रू0** | **रू0** |
| 1 | ट्यूशन शुल्क | 132.00 | 132.00 | 1080.00 |
| 2 | प्रवेश शुल्क | 10.00 | 10.00 | 10.00 |
| 3 | डी0ए0 (D.A.) | 144.00 | 144.00 | 144.00 |
| 4 | पंजीकरण शुल्क | 5.00 | 5.00 | 5.00 |
| 5 | पुस्तकालय शुल्क | 100.00 | 100.00 | 100.00 |
| 6 | कुल धनराशि 'क' | **391.00** | **391.00** | **1339.00** |
| **ख–** | **विद्यार्थी शुल्क निधियाँ** | | | |
| 1 | क्रीड़ा शुल्क | 360.00 | 360.00 | 360.00 |
| 2 | वाचनालय शुल्क | 30.00 | 30.00 | 30.00 |
| 3 | महाविद्यालय पत्रिका शुल्क | 50.00 | 50.00 | 50.00 |
| 4 | रोवर्स रेंजर्स शुल्क (60 रू0) | – | – | – |
| 5 | परिचय–पत्र शुल्क | 25.00 | 25.00 | 25.00 |
| 6 | आन्तरिक परीक्षा शुल्क | – | – | – |
| 7 | छात्र संघ शुल्क | 50.00 | 50.00 | 50.00 |
| 8 | विभागीय परिषद शुल्क | 50.00 | 50.00 | 50.00 |
| 9 | निर्धन छात्र सहायता शुल्क | 10.00 | 10.00 | 10.00 |
| 10 | महाविद्यालय दिवस शुल्क | 20.00 | 20.00 | 20.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 11 | सांस्कृतिक परिषद शुल्क | 50.00 | 50.00 | 50.00 |
| 12 | विद्युत शुल्क | 60.00 | 60.00 | 60.00 |
| 13 | विविध शुल्क | 100.00 | 100.00 | 100.00 |
| 14 | कैरियर काउन्सलिंग शुल्क | 30.00 | 30.00 | 30.00 |
| 15 | प्रयोगात्मक सामग्री शुल्क (रू0 60 / – प्रति विषय) | 180.00 | 120.00 | 120.00 |
| 16 | प्रांगण विकास शुल्क | 20.00 | 20.00 | 20.00 |
| 17 | शिक्षक व अभिभावक संघ शुल्क | – | – | – |
| 18 | प्रसाधन शुल्क | 50.00 | 50.00 | 50.00 |
| 19 | कम्प्यूटर व इण्टरनेट शुल्क | 70.00 | 70.00 | 70.00 |
| 20 | कॉशन मनी (रू0 200 / – Refundable) | – | – | – |
| 21 | जनरेटर शुल्क | 50.00 | 50.00 | 50.00 |
| 22 | पार्किंग शुल्क | 30.00 | 30.00 | 30.00 |
| 23 | प्रायोगिक / मौखिक परीक्षा शुल्क | विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित राशि | | |
| 24 | वि0वि0 परीक्षा / नामांकन / उपाधि शुल्क | विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित राशि | | |
| | कुल धनराशि 'ख' | **1235.00** | **1175.00** | **1175.00** |
| | कुल शुल्क (क+ख) | **1626.00** | **1566.00** | **2514.00** |

नोट–1) **शुल्क सारिणी में दी गई क्रमांक सं. ख–विद्यार्थी शुल्क निधियां उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड के पत्रांक सं. डिग्री सेवा / 316–18 / 2018–19 दिनांक 12.04.2018 के अनुसार सत्र 2018–19 से लागू की गई है।**

2) क्रमांक सं. 20 कॉशन मनी (रु. 200 / –) Refundable होने के कारण महाविद्यालय द्वारा नहीं लिये जाते है।

3) क्रमांक सं. 23 प्रायोगिक / मौखिक परीक्षा शुल्क एवं क्रमांक सं. 24 वि.विद्यालय परीक्षा / नामांकन / उपाधि के शुल्क की धनराशि विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित धनराशि के अनुसार एवं उनके निर्देशानुसार विश्वविद्यालय / महाविद्यालय में स्वयं ऑनलाईन माध्यम से जमा करानी होगी। यह शुल्क विद्यार्थियों से लिए जाने वाले उपरोक्त शुल्क में निहित नहीं है।

4) उपरोक्त शुल्क में कॉशन मनी निहित नहीं है। अतः अदेय प्रमाण–पत्र प्रयोगशाला / पुस्तकालय में विद्यार्थी द्वारा हुई क्षति (यदि कोई है) की पूर्ति के पश्चात ही निर्गत किया जायेगा।

5) उपाधि (Degree) प्राप्त करने हेतु विद्यार्थियों को सीधे विश्वविद्यालय से सम्पर्क करना होगा। यदि विश्वविद्यालय उपाधि (Degree) महाविद्यालय को उपलब्ध करवाता है, उसी दशा में विद्यार्थियों को महाविद्यालय से उक्त प्रमाण–पत्र प्राप्त हो सकता है।

## 7.2. B.Sc. PCM एवं B.Sc. CBZ स्ववित्तपोषित (Self Finance) कक्षाओं में सत्र 2023–24 में देय शुल्क–

| S.N. | DESCRIPTION | Maths Group (Rs.) | | | Biology Group (Rs.) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | B.Sc. I & II Sem. | B.Sc. III & IV Sem. | B.Sc. V & VI Sem. | B.Sc. I & II Sem. | B.Sc. III & IV Sem. | B.Sc. V & VI Sem. |
| 1 | Tution Fee | 6000.00 | 6000.00 | 6000.00 | 6000.00 | 6000.00 | 6000.00 |
| 2 | Admission Fee | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 |
| 3 | D.A. | 200.00 | 200.00 | 200.00 | 200.00 | 200.00 | 200.00 |
| 4 | Library Fee | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 | 300.00 |
| 5 | Lab. Fee | 2000.00 | 2000.00 | 2000.00 | 3000.00 | 3000.00 | 3000.00 |
| 6 | Hot & Cold Fee | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 |
| 7 | Development Fee | 2650.00 | 2650.00 | 2650.00 | 2650.00 | 2650.00 | 2650.00 |
| 8 | Registration Fee | 20.00 | 20.00 | 20.00 | 20.00 | 20.00 | 20.00 |
| 9 | Reading Room Fee | 20.00 | 20.00 | 20.00 | 20.00 | 20.00 | 20.00 |
| 10 | Game Fee | 200.00 | 200.00 | 200.00 | 200.00 | 200.00 | 200.00 |
| 11 | Poor boys Fee | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 |
| 12 | Identity Card Fee | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 |
| 13 | Student Welfare Fund | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 |
| 14 | Magazine Fee | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 |
| 15 | Cycle Stand Fee | 200.00 | 200.00 | 200.00 | 200.00 | 200.00 | 200.00 |
| 16 | Internal Exm. Fee | 500.00 | 500.00 | 500.00 | 500.00 | 500.00 | 500.00 |
| 17 | Examination/Degree/ Enrollment Fee | As per University's decision | | | | | |
| 18 | **Grand Total** | **12490.00** | **12490.00** | **12490.00** | **13490.00** | **13490.00** | **13490.00** |
| 19 | **Round off** | **12500.00** | **12500.00** | **12500.00** | **13500.00** | **13500.00** | **13500.00** |

**नोट**–1) उपरोक्त शुल्क सारिणी में अंकित क्रमांक संख्या 1 से 16 तक का शुल्क महाविद्यालय प्रबंध तंत्र सचिव/अध्यक्ष के अनुसार।

(2) उपरोक्त शुल्क में सिक्योरिटी शुल्क (कॉशन मनी) निहित नही है। अदेय प्रमाण पत्र प्रयोगशाला/पुस्तकालय में विद्यार्थी द्वारा हुई क्षति (यदि कोई है) की पूर्ति के पश्चात ही निर्गत किया जायेगा।

(3) यदि विश्वविद्यालय/सरकार द्वारा शुल्क में वृद्धि अथवा अन्य कोई बदलाव (सत्र अथवा परीक्षा प्रणाली आदि) किया जाता है, तो बढ़ाया गया शुल्क विद्यार्थियों द्वारा देय होगा।

(4) उपाधि (Degree) करने हेतु विद्यार्थियों को सीधे विश्वविद्यालय से सम्पर्क करना होगा। यदि विश्वविद्यालय उपाधि (Degree) महाविद्यालय को उपलब्ध करवाता है, उसी दशा में विद्यार्थियों को महाविद्यालय से उक्त प्रमाण–पत्र प्राप्त हो सकते है।

(5) वि.वि. परीक्षा, नामांकन एवं उपाधि के शुल्क की धनराशि विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित धनराशि के अनुसार एवं उनके निर्देशानुसार विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में स्वयं ऑनलाईन माध्यम से जमा करानी होगी। यह शुल्क विद्यार्थियों से लिए जाने वाले उपरोक्त शुल्क में निहित नहीं है।

**7.3. B.Sc. Computer Science एवं B.Sc. Microbiology स्ववित्तपोषित (Self Finance) कक्षाओं में सत्र 2023–24 में देय शुल्क–**

| S.N. | DESCRIPTION | Computer & Microbiology Group | | |
|---|---|---|---|---|
| | | B.Sc. I & II Sem. | B.Sc. III & IV Sem. | B.Sc. V & VI Sem. |
| 1 | Tution Fee | 6000.00 | 6000.00 | 6000.00 |
| 2 | Admission Fee | 100.00 | 100.00 | 100.00 |
| 3 | D.A. | 200.00 | 200.00 | 200.00 |
| 4 | Library Fee | 300.00 | 300.00 | 300.00 |
| 5 | Lab. Fee | 3000.00 | 3000.00 | 3000.00 |
| 6 | Hot & Cold Fee | 50.00 | 50.00 | 50.00 |
| 7 | Development Fee | 3000.00 | 3000.00 | 3000.00 |
| 8 | Registration Fee | 20.00 | 20.00 | 20.00 |
| 9 | Reading Room Fee | 20.00 | 20.00 | 20.00 |
| 10 | Game Fee | 200.00 | 200.00 | 200.00 |
| 11 | Poor Boys Fee | 50.00 | 50.00 | 50.00 |
| 12 | Identity Card Fee | 50.00 | 50.00 | 50.00 |
| 13 | Student Welfare Fund | 50.00 | 50.00 | 50.00 |
| 14 | Magazine Fee | 100.00 | 100.00 | 100.00 |
| 15 | Cycle Stand Fee | 200.00 | 200.00 | 200.00 |
| 16 | Seminar/project Fee | 500.00 | 500.00 | 500.00 |
| 17 | Internal Exam Fee | 500.00 | 500.00 | 500.00 |
| 18 | Examination/Degree/ Enrollment Fee | As per University's decision | | |
| **Grand Total** | | **14340.00** | **14340.00** | **14340.00** |
| **Round off** | | **14400.00** | **14400.00** | **14400.00** |

**नोट**–1) उपरोक्त शुल्क सारिणी में अंकित क्रमांक संख्या 1 से 16 तक का शुल्क महाविद्यालय प्रबंध तंत्र सचिव/अध्यक्ष के अनुसार।

(2) उपरोक्त शुल्क में सिक्योरिटी शुल्क (कॉशन मनी) निहित नही है। अदेय प्रमाण पत्र प्रयोगशाला/पुस्तकालय में विद्यार्थी द्वारा हुई क्षति (यदि कोई है) की पूर्ति के पश्चात् ही निर्गत किया जायेगा।

(3) यदि विश्वविद्यालय/सरकार द्वारा शुल्क में वृद्धि अथवा अन्य कोई बदलाव (सत्र अथवा परीक्षा प्रणाली आदि) किया जाता है, तो बढ़ाया गया शुल्क विद्यार्थियों द्वारा देय होगा।

(4) उपाधि (Degree) करने हेतु विद्यार्थियों को सीधे विश्वविद्यालय से सम्पर्क करना होगा। यदि विश्वविद्यालय उपाधि (Degree) महाविद्यालय को उपलब्ध करवाता है, उसी दशा में विद्यार्थियों को महाविद्यालय से उक्त प्रमाण–पत्र प्राप्त हो सकता है।

(5) वि.वि. परीक्षा, नामांकन एवं उपाधि के शुल्क की धनराशि विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित धनराशि के अनुसार एवं उनके निर्देशानुसार विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में स्वयं ऑनलाईन माध्यम से जमा करानी होगी। यह शुल्क विद्यार्थियों से लिए जाने वाले उपरोक्त शुल्क में निहित नहीं है।

### 7.4. M.Sc. स्ववित्तपोषित (Self Finance) कक्षाओं में सत्र 2023–24 में देय शुल्क–

| S.N. | DESCRIPTION | M.Sc. Mathematics Group (Rs.) | | M.Sc. Chemistry/Physics/ Zoology/Botany Groups (Rs.) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | M.Sc. I & II Sem. | M.Sc. III & IV Sem. | M.Sc. I & II Sem. | M.Sc. III & IV Sem. |
| 1 | Tution Fee | 7500.00 | 7500.00 | 7000.00 | 7000.00 |
| 2 | Admission Fee | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 |
| 3 | D.A. | 200.00 | 200.00 | 200.00 | 200.00 |
| 4 | Library Fee | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 |
| 5 | Lab. Fee | 0.00 | 0.00 | 4500.00 | 4500.00 |
| 6 | Hot & Cold Fee | 400.00 | 400.00 | 400.00 | 400.00 |
| 7 | Development Fee | 5500.00 | 5500.00 | 5500.00 | 5500.00 |
| 8 | Registration Fee | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 |
| 9 | Reading Room Fee | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 |
| 10 | Game Fee | 200.00 | 200.00 | 200.00 | 200.00 |
| 11 | Poor Boys Fee | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 |
| 12 | Identity Card Fee | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 |
| 13 | Student Welfare Fund | 50.00 | 50.00 | 50.00 | 50.00 |
| 14 | Magazine Fee | 100.00 | 100.00 | 100.00 | 100.00 |
| 15 | Cycle Stand Fee | 200.00 | 200.00 | 200.00 | 200.00 |
| 16 | Internal Exam Fee | 500.00 | 500.00 | 500.00 | 500.00 |
| 17 | Examination/Degree/ Enrollment Fee | As per University's decision | | | |
| **Grand Total** | | **16000.00** | **16000.00** | **20000.00** | **20000.00** |
| **Round off** | | **16000.00** | **16000.00** | **20000.00** | **20000.00** |

**नोट**–1) उपरोक्त शुल्क सारिणी में अंकित क्रमांक संख्या 1 से 16 तक का शुल्क महाविद्यालय प्रबंध तंत्र सचिव/अध्यक्ष के अनुसार।

(2) उपरोक्त शुल्क में सिक्योरिटी शुल्क (कॉशन मनी) निहित नही है। अदेय प्रमाण पत्र प्रयोगशाला/पुस्तकालय में विद्यार्थी द्वारा हुई क्षति (यदि कोई है) की पूर्ति के पश्चात ही निर्गत किया जायेगा।

(3) यदि विश्वविद्यालय/सरकार द्वारा शुल्क में वृद्धि अथवा अन्य कोई बदलाव (सत्र अथवा परीक्षा प्रणाली आदि) किया जाता है, तो बढ़ाया गया शुल्क विद्यार्थियों द्वारा देय होगा।

(4) उपाधि (Degree) करने हेतु विद्यार्थियों को सीधे विश्वविद्यालय से सम्पर्क करना होगा। यदि विश्वविद्यालय उपाधि (Degree) महाविद्यालय को उपलब्ध करवाता है, उसी दशा में विद्यार्थियों को महाविद्यालय से उक्त प्रमाण–पत्र प्राप्त हो सकता है।

(5) वि.वि. परीक्षा, नामांकन एवं उपाधि के शुल्क की धनराशि विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित धनराशि के अनुसार एवं उनके निर्देशानुसार विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में स्वयं ऑनलाईन माध्यम से जमा करानी होगी। यह शुल्क विद्यार्थियों से लिए जाने वाले उपरोक्त शुल्क में निहित नहीं है।

**8. शुल्क मुक्ति–**

1. बी.एस–सी / बी.एड. कक्षाओं के अनुसूचित जाति व जनजाति के अभ्यर्थी शासनादेशों के अनुसार शुल्क का भुगतान करेंगे। शुल्क में छूट का दावा करने हेतु आवश्यक सूचना तथा निर्धारित प्रारूप समाज कल्याण अधिकारी, हरिद्वार के कार्यालय से प्राप्त होगी।
2. महाविद्यालय छात्रवृत्तियाँ (Scholarships)
   महाविद्यालय में छात्र–छात्राओं के लिए राज्य शासन द्वारा प्रदत्त निम्नलिखित छात्रवृत्तियाँ उपलब्ध हैं–
   1. राष्ट्रीय छात्रवृत्ति।
   2. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति, विमुक्त जाति छात्रवृत्ति।
   3. छात्र कल्याण निधि छात्रवृत्ति।
3. इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में निर्धन एवं योग्य छात्र–छात्रायें जो बी.एस–सी रेगुलर–सेक्सन 'ए' एवं बी.एड. पाठयक्रमों में अध्ययनरत हैं, वे शुल्क माफी / आर्थिक सहायता प्राप्त करने हेतु प्रवेश की अंतिम तिथि के पश्चात अनिवार्य प्रमाण पत्रों (इण्टरमीडिएट व अंतिम उत्तीर्ण परीक्षा अंकतालिका, आधार कार्ड, राशन कार्ड, बी.पी.एल. कार्ड एवं आय प्रमाण पत्र) सहित 30 दिनों के भीतर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

**9. पाठ्येत्तर कार्यकलाप–**

महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्येत्तर कार्यकलापों का विवरण निम्न प्रकार है। विद्यार्थियों से आशा की जाती है कि वे विभिन्न कार्यकलापों में भाग लेंगे।

1. राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) (केवल बी.एस–सी. के विद्यार्थियों के लिए) : महाविद्यालय के विद्यार्थियों हेतु एन.एस.एस. की एक यूनिट है, जो विद्यार्थी एन.एस.एस. लेने के इच्छुक हों, वे एन.एस.एस. ऑफिसर से सम्पर्क कर अपना फार्म जमा करा दें।
2. नेशनल कैडेट कोर (NCC) : बी.एस–सी. एवं एम.एस–सी. के विद्यार्थियों के लिए।
3. व्यायामशाला (Gymnasium) : महाविद्यालय में छात्रों तथा स्टाफ के लिए एक व्यायामशाला स्थापित की गई है। छात्र नियम समय पर इसका लाभ उठा सकते है।
4. खेल–कूद (Games) : महाविद्यालय में छात्र–छात्राओं हेतु वर्ष पर्यन्त विभिन्न स्तरों पर खेल प्रतियोगितायें आयोजित की जाती है। महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाता है। इच्छुक विद्यार्थी इसमें भाग ले सकते है। विजेता छात्र–छात्राओं को वार्षिक समारोह में मेडल्स / ट्राफियाँ दी जाती है।

**10. पूर्णतः कम्प्यूटीकृत पुस्तकालय–**

कॉलेज के पुस्तकालय में लगभग 37000 पुस्तकों का विशाल भण्डार है। छात्र / छात्राएँ पुस्तकालय से नियम समय व दन पर पुस्तकों का लेन–देन कर सकते हैं। पुस्तकालय में Audio-Video Collection भी उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त पुस्तकालय में सभी विषयों से संबंधित Research Journals, विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं से संबंधित मैगजीन व न्यूज पेपर भी उपलब्ध हैं। पुस्तकालय में पूर्ण रूप से Open System लागू है। पुस्तकालय पूरे वर्ष नियमित रूप से खुलता है। पुस्तकालय से विभिन्न कक्षाओं को Issue की जाने वाली पुस्तकों की संख्या निम्नलिखित हैं–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बी.एस–सी. | – | चार पुस्तकें | बी.एड. | – | छः पुस्तकें |
| एम.एस–सी. | – | छः पुस्तकें | शोधकर्त्ता | – | दस पुस्तकें |

11. **Career Counselling, Guidance & Placement Cell :** Coordinator, Career Counselling Cell द्वारा GATE, NET, SLET, JEST, GRE, TOEFL, Commonwealth Scholarship आदि के बारें में पूर्ण जानकारी दी जाती है। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे Bank, Insurance Companies, Civil Services, PCS, DRDO, BARC, ISRO, ONGC, GAIL, NFL, Armed Forces, Coast Guard, Police, BSF, ITBP, CSIR Lab हेतु विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जाता है।
Placement Cell द्वारा विद्यार्थियों को Placement के अवसर प्रदान करने हेतु विविध व्यावसायिक क्षेत्रों की कम्पनियों को महाविद्यालय में आमंत्रित किया जाता है।

12. पेरेन्ट्स टीचर एसोसिएशन के माध्यम से अभिभावक, छात्र–छात्राओं की महाविद्यालयी समस्याओं हेतु छात्र हित में संबंधित संयोजक/प्राध्यापक/प्राचार्य से सम्पर्क कर जानकारी ले सकते है।

13. **पदक (Medals)-**
कॉलेज में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को निम्नलिखित पदक तथा 500 रुपये की धनराशि प्रदान किये जाते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| स्व.ले. (भारतीय थल सेना) इन्द्र कुमार गुप्ता स्मारक पदक | – | सर्वश्रेष्ठ एन.सी.सी. केडेट |
| स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार गर्ग स्मारक पदक | – | एम.एस.सी. (रसायन विज्ञान) |
| श्री प्रमोद दयाल पदक | – | एम.एस.सी. (गणित) |
| स्व. श्रीमती निर्मला गुप्ता स्मारक पदक | – | बी.एस.सी. (गणित) |
| स्व. श्री ईश्वर दयाल स्मारक पदक | – | बी.एस.सी. (बायोलोजी) |
| स्व. श्रीमती विमला गुप्ता स्मारक पदक | – | बी.एड. |
| स्व. श्री श्यामलाल श्यामा देवी स्मारक पदक | – | एम.एस.सी. (वनस्पति विज्ञान) |
| स्व. श्री द्वारका प्रसाद रूकमणी देवी स्मारक पदक | – | एम.एस.सी. (जन्तु विज्ञान) |
| स्व. श्रीमती निर्मला देवी स्मारक चल ट्राफी | – | एम.एस.सी. (जन्तु विज्ञान) |
| श्रीमती पायल दयाल पदक | – | एम.एस.सी. (भौतिक विज्ञान) |

14. **विद्यार्थियों के लिए दिशा निर्देश–**

1. विद्यार्थियों को महाविद्यालय द्वारा निर्धारित यूनिफार्म में आना अनिवार्य है।
   - छात्रों की यूनिफार्म : **ग्रीष्मकालीन** – गहरे स्लेटी रंग की पैंट, सफेद शर्ट, काली टाई – जिस पर महाविद्यालय का लोगो अनिवार्य रूप से लगा हो व काले जूते। **शीतकालीन** – प्लेन काला स्वेटर/काला कोट (जिस पर महाविद्यालय का लोगो अनिवार्य रूप से लगा हो)।
   - **छात्रों की यूनिफार्म : ग्रीष्मकालीन** – हल्का गुलाबी कुरता जिस पर महाविद्यालय का लोगो अनिवार्य रूप से लगा हो, सफेद सलवार, सफेद दुपट्टा, काले जुते। **शीतकालीन** – प्लेन काला स्वेटर/काली शॉल/काला कोट (जिस पर महाविद्यालय का लोगो अनिवार्य रूप से लगा हो)।

     **नोट :** 1. छात्राएं, छात्राओं के लिए निर्धारित यूनिफार्म भी पहन सकती है।
     2. निर्धारित यूनिफार्म के अतिरिक्त डिजाइन वाले काले स्वेटर, जैकिट अथवा कोट पहनना वर्जित है।
2. विद्यार्थियों को परिचय–पत्र महाविद्यालय में तथा महाविद्यालय के बाहर सदैव अपने पास रखने का परामर्श दिया जाता है।

3. विद्यार्थियों की अपनी कक्षा में उपस्थिति 75 प्रतिशत रहना अनिवार्य है। यदि किसी विद्यार्थी की उपस्थिति विश्वविद्यालय/सरकार द्वारा निर्धारित मानकों से कम रहती है तो उसे विश्वविद्यालय/सरकार द्वारा आयोजित परीक्षाओं में सम्मिलित नहीं होने दिया जायेगा।
4. विद्यार्थियों के लिये साइकिल खड़ी करने के निर्देश–
   i) विद्यार्थी अपनी साइकिल महाविद्यालय स्टैण्ड पर ही खड़ी करें। महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों का किसी भी वाहन के साथ प्रवेश वर्जित है।
   ii) विद्यार्थियों के लिए साइकिल के अतिरिक्त किसी वाहन को खड़ा करने की सुविधा महाविद्यालय में नहीं है। फिर भी यदि कोई विद्यार्थी साइकिल के अतिरिक्त अन्य किसी वाहन को महाविद्यालय में लाकर उसे बाहर खड़ा करता है तो उसकी जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी।
5. विद्यार्थियों से महाविद्यालय में अनुशासन व्यवस्था एवं स्वच्छता बनाये रखने की अपेक्षा की जाती है।
6. आवश्यक/सार्थक सूचनाओं के लिए विद्यार्थियों को नियमित रूप से सूचना पट्ट देखते रहना चाहिए। व्यक्तिगत रूप से किसी विद्यार्थी को किसी भी आवश्यक सूचना के लिए सम्पर्क नहीं किया जायेगा।
7. किसी छात्र/छात्रा को अभद्र व्यवहार करते पाये जाने पर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होंगे।
8. नवीन छात्रों की किसी भी प्रकार की रैगिंग शासनादेश के कारण पूर्णतः प्रतिबन्धित है व संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आती है। इस हेतु माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार प्रवेश लेने वाले छात्र/छात्रा एवं अभिभावक दोनों को निर्धारित प्रारुप के ऊपर शपथ पत्र पृथक–पृथक देना होगा।

***

# सत्र 2021–22 में
# हेमवती नंदन बहुगुणा विश्वविद्यालय, श्रीनगर द्वारा
# स्वर्ण पदक प्राप्त छात्राएं

1. नेहा

   एम.एस.सी., वनस्पति विज्ञान विभाग,

   विश्वविद्यालय द्वारा स्वर्ण पदक प्राप्त

2. प्रगति तिवारी

   एम.एस.सी., जन्तु विज्ञान विभाग,

   विश्वविद्यालय द्वारा स्वर्ण पदक प्राप्त

## महाविद्यालय प्रशासनिक समितियों के संयोजक

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रवेश समिति | प्रो.मंजुल धीमान (कार्डिनेटर B.Sc., M.Sc.) एवं प्रो. पूर्णिमा श्रीवास्तव (कार्डिनेटर B.Ed.) |
| 2 | प्रोक्टोरियल बोर्ड | डा. तनवीर आलम (चीफ प्रॉक्टर) |
| 3 | एंटी रैगिंग सेल एवं एंटी ड्रग समिति | डा. तनवीर आलम |
| 4 | चुनाव समिति | डा. मनोज कुमार शर्मा |
| 5 | महाविद्यालय परीक्षा समिति | प्रो. मंजुल धीमान (परीक्षा नियंत्रक) |
| 6 | महाविद्यालय अकादमिक एवं प्रशासनिक समिति | प्रो. मंजुल धीमान (Science), प्रो. पूर्णिमा श्रीवास्तव (B.Ed.) |
| 7 | एन.सी.सी. अधिकारी | डा. नवीन कुमार |
| 8 | राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी | डा. किरण भारती |
| 9 | छात्र–कल्याण एवं छात्रवृत्ति समिति | डा. नवीन कुमार (नोडल अधिकारी), डा.मोनूराम (संयोजक) |
| 10 | सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति एवं के.एल. जयंती समिति | डा. पूजा अरोरा |
| 11 | बी.एड. वार्षिक पत्रिका समिति | डा. अम्बिका भट्ट |
| 12 | शिक्षक–अभिभावक समिति | डा. मिथलेश कुमारी |
| 13 | महिला कल्याण एवं उत्पीड़न प्रकोष्ठ | डा. शशी त्यागी |
| 14 | समय सारिणी समिति | डा. शशी त्यागी |
| 15 | क्रय समिति | डा. वंदिता श्रीवास्तव |
| 16 | भौतिक सत्यापन समिति | डा. मिथलेश कुमारी |
| 17 | भवन एवं परिसर अनुरक्षण समिति | प्रो. पूर्णिमा श्रीवास्तव |
| 18 | एन.ए.ए.सी. (नैक) समिति | प्रो. मंजुल धीमान |
| 19 | रूसा एवं वि.वि. अनुदान आयोग समिति | प्रो. अर्शी रस्तोगी |
| 20 | एन.सी.टी.ई. समिति | प्रो. पूर्णिमा श्रीवास्तव |
| 21 | महाविद्यालय वेबसाइट समिति | प्रो. मंजुल धीमान |
| 22 | ए.आई.एस.एच.ई. समिति | डा. मनोज कुमार शर्मा |
| 23 | महाविद्यालय एल्युमिनी एसोसिएशन | डा. शशी त्यागी |
| 24 | प्लेसमेंट एवं कैरियर काउंसलिंग समिति | प्रो. मंजुल धीमान (Science), डा. अम्बिका भट्ट (B.Ed.) |
| 25 | विवरण पत्रिका, विज्ञापन एवं प्रकाशन समिति | डा. मेघा जुयाल |
| 26 | आपदा प्रबंधन, जल संरक्षण एवं परिसर अनुरक्षण समिति | डा. पूजा अरोरा |
| 27 | क्रीडा समिति | डा. तनवीर आलम |
| 28 | आई.डी. व्याख्यान समिति | डा. मेघा जुयाल |
| 29 | पुस्तकालय समिति | प्रो. अर्शी रस्तोगी |
| 30 | मैगजीन समिति | डा. पूजा अरोरा |
| 31 | आई.क्यू.ए.सी. समिति | डा. वंदिता श्रीवास्तव |
| 32 | क्यू.सी.आई. | डा. मनोज कुमार शर्मा |
| 33 | आर.टी.आई. | डा. मनोज कुमार शर्मा |
| 34 | यूथ रेडक्रास यूनिट | डा.पूजा अरोरा(नो0अधि0–1),डा.किरन भारती (नो0अधि0–2) |
| 35 | स्वीप समिति | डा.पूजा अरोरा (नो0अधि0–1),डा.मेघा जुयाल (नो0अधि0–2) |
| 36 | पौधारोपण समिति | प्रो. मंजुल धीमान (कार्डिनेटर) |
| 37 | स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत | प्रो. पूर्णिमा श्रीवास्तव (कार्डिनेटर) |
| 38 | विद्यालय/ग्राम/आंगनवाडी केन्द्र समिति | डा. किरन भारती |
| 39 | टी.बी. निवारण समिति | प्रो. अर्शी रस्तोगी |
| 40. | डेंगू एवं स्वच्छता समिति | डा. मोनू राम |
| 41. | स्काउट गाइड एवं रेंजर रोवर समिति | डा. मेघा जुयाल (नोडल अधिकारी) |
| 42. | एन.ई.पी. 2020 से संबंधित समिति | प्रो. मंजुल धीमान (नोडल अधिकारी एवं कार्डिनेटर) |
| 43. | जी–20 जागरूकता समिति | प्रो. मंजुल धीमान (नोडल अधिकारी) |
| 44. | गार्ड नोडल ऑफिसर | डा.तनवीर आलम (नो0अधि0–1),श्री राजीव गुप्ता (नो0अधि0–2) |
| 45. | विद्युत एवं जल प्रबंधन ऑफिसर | डा. मिथलेश कुमारी (नोडल अधिकारी) |
| 46. | कैंटीन नोडल अधिकारी | डा. तनवीन आलम (नोडल अधिकारी) |
| 47. | स्वच्छता अभियान नोडल अधिकारी | डा. पूजा अरोरा (नोडल अधिकारी) |
| 48 | एन.ई.पी.–2020 पाठ्यक्रम समिति | प्रो. मंजुल धीमान (कार्डिनेटर B.Sc., M.Sc.)<br>प्रो. पूर्णिमा श्रीवास्तव (कार्डिनेटर B.Ed.) |

## तृतीय श्रेणी कर्मचारी

| क्र. | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | श्री राजीव गुप्ता | कार्यालय अधीक्षक |
| 2 | श्री अजय त्यागी | आशुलिपिक |
| 3 | श्री मुदित गर्ग | वरि. प्रयो. सहायक |
| 4 | श्री रणतेज सिंह | प्रयोगशाला सहायक |
| 5 | श्री राजेश चन्द्रा | प्रयोगशाला सहायक |
| 6 | श्री पुष्पेन्द्र | कनिष्ठ सहायक |
| 7 | श्री आयुष ग्रोवर | कनिष्ठ सहायक |
| 8 | श्री अमित अग्रवाल | सहायक लेखाकार |
| 9 | श्री ललित बत्रा | प्रयोगशाला सहायक |
| 10 | श्री आदेश सैनी | प्रयोगशाला सहायक |

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी

| क्र. | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | श्री सुभाष | चपरासी |
| 2 | श्री हरीश खंडूरी | प्रयोगशाला परिचर |
| 3 | श्री कृष्णपाल | माली |
| 4 | श्री धर्मवीर | चपरासी |
| 5 | श्री रूपेन्द्र बहादुर | चौकीदार |
| 6 | श्री नरेश कुमार | प्रयोगशाला परिचर |
| 7 | श्री अमित कुमार (RB) | वाटर मैन |
| 8 | श्री अमित कुमार (RP) | बुक लिफ्टर |
| 9 | श्री तेजपाल | ऐनिमल कैचर |
| 10 | श्री ऋषिपाल | प्रयो.परिचर (संविदा) |
| 11 | श्रीमती मीना | लैब परिचर |
| 12 | श्रीमती सोनिया | लैब परिचर |